अभ्यर्थियों के लिए सूचना :

DPM एवं Manager- Livestock के लिए प्रकाशित वरीयता क्रम औपबंधिक है जो अभ्यर्थियों के द्वारा अपने आवेदन में किये गए दावों तथा आरक्षण रोस्टर नियमों के आलोक में तैयार किया गया है। नियमों के आलोक में 01 रिक्ति के विरुद्ध 10 अभ्यर्थियों को इस दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया में बुलाया गया है। जिसमें उनके आवेदन में किये गये दावों के आलोक में मूल कागजातों/ दस्तावेजों से मिलान किया जाएगा। साथ ही दस्तावेजों को पद के लिए प्रकाशित अर्हता एवं नियमों तथा शर्तों के आलोक में भी समीक्षा की जाएगी।

दस्तावेज की वैद्यता तथा उसका आवेदन किए गए पद के लिए प्रासंगिक (Relevant) होने की जवाबदेही अभ्यर्थी की है ।

आवेदक के अनुभव, पद के लिए प्रकाशित अनुभव के लिए प्रासंगिक (Relevant) नहीं होने पर वर्तमान में प्रकाशित मेधा सूचि में उनके अनुभव से प्राप्त प्राप्तांक में अंतर आ सकता है। जिसका प्रभाव उनके मेधा क्रम अथवा उनकी अभ्यर्थिता पर भी पड़ सकती है।

अतः चयन की अगली प्रक्रिया GD, Test of MS Office Proficiency, PPT Presentation & Personal Interview के लिए इस सत्यापन प्रक्रिया में सभी प्रकार से योग्य पाए गए अभ्यर्थियों की मेधा सूची के अनुसार बुलाया जाएगा। इसकी अद्यतन जानकारी जीविका की आधिकारिक वेबसाइट www.brlps.in पर प्रकाशित की जाएगी।

दस्तावेज सत्यापन के लिए उपस्थित होना या बुलाया जाना ही चयन की अगली प्रक्रिया में शामिल होने की गारंटी नहीं है।

दस्तावेज सत्यापन के दौरान किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता के लिए उनका जीविका के किसी भी चयन प्रक्रिया में शामिल होने पर रोक लगाई जा सकती है या क़ानूनी कार्रवाई अथवा दोनों की जा सकती है।